अमर उजाला 18/09/2025

# स्लो साइक्लिंग में अर्पित, वरुण जीते

छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में आयोजित स्लो साइक्लिंग प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग और एसडीजी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्लो साइक्लिंग दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ. कृष्ण पूनिया और एसडीजी क्लब की प्रमुख डॉ. अमिता ने किया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साइक्लिंग के माध्यम से स्वास्थ्य और पर्यावरण के महत्व को सांझा किया।

डॉ. कृष्ण पूनिया ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य पूर्ण जीवन शैली की ओर प्रेरित किया जा सकता है।

डॉ. अमिता ने कहा कि इस प्रतियोगिता के द्वारा विद्यार्थियों में सांझेदारी, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को साइक्लिंग के महत्व पर गहरी जागरूकता देखने को मिली।

प्रतियोगिता में कुल आठ विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इसमें प्रथम बलजिंदर, दूसरे अर्पित और वरुण कश्यप तीसरा स्थान हासिल किया।

इस अवसर पर जनसंचार विभाग की प्राध्यापिका सुषमा शर्मा, नरेश कुमार और संजीव कुमार मौजूद रहे।